राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 27 जुलाई । राजस्थान सरकार के नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री श्री शांति कुमार धारीवाल तथा उद्योग, राजकीय उपक्रम एवं देवस्थान मंत्री श्रीमती शकुन्तला रावत ने आज प्रदेश कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ प्रातः 11.00 बजे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, जयपुर में जनसुनवाई की।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि जनसुनवाई के दौरान श्री शांति कुमार धारीवाल तथा श्रीमती शकुन्तला रावत ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, जयपुर पर प्रदेशभर से आये बड़ी संख्या में कांग्रेसजनों एवं आम लोगों की समस्याओं को सुना तथा अधिकांश समस्याओं के तत्काल निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को फोन पर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए तथा शेष रहे प्रकरणों का समाधान अगली जनसुनवाई से पूर्व करने का आश्वासन दिया। जनसुनवाई में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव व विधायक श्री प्रशान्त बैरवा, सचिव श्री मुकेश वर्मा एवं श्री सचिन सर्वटे ने सहयोग किया।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter